डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान का जयपुर के जवाहर कला केंद्र (जेकेके) में आयोजन

चर्चा में क्यों?

6 नवंबर, 2022 को डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान की अध्यक्ष श्रेया गुहा द्वारा जयपुर के जवाहर कला केंद्र (जेकेके) में कला शिविर में 'म्हारो राजस्थान' का आयोजन तथा प्रदर्शनी में स्टॉल का उद्घाटन किया गया।

प्रमुख बिंदु

- श्रेया गुहा ने बताया कि राजस्थान विश्व में पहला प्रांत है, जहाँ क्षेत्रीय काउंसिल का गठन कर पंजीयन किया गया। कोविड के दौरान इसके ऑनलाइन इंवेट किये और अब ऑफलाइन इंवेट के माध्यम से ड्रामा, डांस, थिएटर, आर्ट को प्रमोट कर रहे हैं तथा युवाओं को प्रोत्साहित कर रहे हैं। क्षेत्रीय काउंसिल के माध्यम से कलाकारों के लिये खेल का आयोजन किया जाएगा एवं उन्हें वैश्विक मंच प्रदान किया जाएगा।
- अंतरराष्ट्रीय डेल्फिक काउंसिल के महासचिव रमेश प्रसन्ना ने बताया कि कल्चर वेल्यू को क्षेत्रीय स्तर पर शुरू करने के उद्देश्य से डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान की शुरुआत की गई है। गॉड अपोलो की थीम व हारमनी की तर्ज़ पर डेल्फिक काउंसिल की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर की गई है तथा इसका उद्देश्य आपसी भाईचारा, संस्कृति व परंपराओं को कायम रखना एवं विश्व में प्रसार करना है।
- जरमन आर्ट स्कूल की इन्स लेक्सचुस ने कहा कि कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन कर राजस्थान ने एक प्रेरणा दी है तथा ऐसे प्लेटफॉर्म पर जरमन कलाकारों को अपनी कला का आदान-प्रदान करने एवं सीखने का एक बेहतर अवसर मिलेगा।
- कार्यक्रम में जरमन आर्ट स्कूल के विद्यार्थी राजस्थानी कलाकारों से रूबरू हुए तथा राजस्थानी कला एवं संस्कृति को समझा। उन्होंने पेंटिंग्स की विविध कलाओं के कलाकारों से जरमन कला को साझा किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/delphic-council-of-rajasthan-organized-at-jawahar-kala-kendra-jkk-,-jaipur